प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 11.07.2024

थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम द्वारा घरों में घुसकर चोरी करने वाले 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 02 हाथ के कड़े , 01 जोडी पायल सफेद धातु, 01 अंगूठी पीली धातु व 1000/- रुपये बरामद।

कार्यवाही का विवरणः दिनांक 10.07.2024 को थाना इंदिरापुरम पर वादी अहमद हसन पुत्र फिरोज महसूद सिद्दकी निवासी एचआईजी 17 अभयखण्ड -1 इंदिरापुरम द्वारा तहरीर दी गई कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के घर से 01 लाख रुपये की ज्वैलरी चोरी कर ली गई है। तत्काल थाना इंदिरापुरम पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर टीमों का गठन किया गया। मैनुअल इनपुट, सीसीटीबी फुटेज की सहायता से व मुखबिर की सूचना के आधार दिनांक 11.07.2024 को उक्त घटना में संलिप्त 03 अभियुक्त 1.नाजिस पुत्र शौराब खाँ निवासी यमुना विहार नूर ईलाही मोहल्ला मोहनपुरी स्कूल के पास गली नं0 3 थाना गोकुलपुरी दिल्ली उम्र 19, 2.ईशांत शर्मा निवासी महराजपुर मदरसा वाली गली कल्लू ठेकेदार के मकान में थाना लिंक रोड गाजियाबाद उम्र 18 वर्ष, 3.विक्की उर्फ विकास पुत्र जमुना प्रसाद निवासी ग्राम बैसार थाना गौसगंज जिला हरदोई उम्र 19 को ग्रीन बैल्ट विस्टा कालोनी के सामने से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी के 02 हाथ के कडे, 01 जोडी पायल सफेद धातु, 01 अंगूठी पीली धातु व 1000/- रुपये बरामद हुए। अभियुक्तगणों उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरणः

अभियुक्तगणों उपरोक्त से बारी-बारी से से पूछताछ करने पर बताया कि यह चोरी हम तीनों ने ही मिलकर की है। चोरी किये सामान को राह चलते फिरते व्यक्तियों को अपनी मजबूरी बता कर सस्ते दामों में बेच देते है। जो रुपये मिलते है। आपस में हम बराबर बराबर बांट लेते है। हम से जो आभूषण प्राप्त हुए है। वह चोरी के ही है। इस प्रकार हम अपना व अपने परिवार वालो का खर्चा चलाते है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः

1- नाजिस पुत्र शौराब खा निवासी यमुना विहार नूर ईलाही मोहल्ला मोहनपुरी स्कूल के पास गली न0 3 थाना गोकुलपुरी दिल्ली उम्र 19 बर्ष।
2- ईशांत शर्मा निवासी महराजपुर मदरसा वाली गली कल्लू ठेकेदार के मकान मे थाना लिंक रोड गाजियाबाद उम्र 18 वर्ष।
3- विक्की उर्फ विकास पुत्र जमुना प्रसाद निवासी ग्राम बैसार थाना गौसगंज जिला हरदोई उम्र 19 बर्ष।

बरामदगी का विवरणः

- चोरी के 02 हाथ के कड़े, 01 जोडी पायल सफेद धातु, 01 अंगूठी पीली धातु व 1000/- रुपये बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः

थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम।